53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in



# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन




सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्षः 53/अंक :118 बुधवार, 30 अप्रैल 2025 बैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ -8






20% तक की छूट* गोल्ड ज्वेलरी के बनवाई शुल्क और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर

₹101 छूट* प्रति ग्राम गोल्ड ज्वेलरी की खरीद पर

फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज — स्मार्ट चुनाव कीजिए

गोल्ड रेट प्रोटेक्शन - पहले से बुक करवाइए और सोने की बढ़ती दर के प्रति सुरक्षित रहिए*

To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

शोरूम : वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर, मो. 7455900800

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in



# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन


सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर




वर्ष: 53/अंक :118 बुधवार, 30 अप्रैल 2025 बैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ -8


# दहेज को नकारकर 1 रुपये का नेग लेने वाला दूल्हा आज विवाह करने पहुंचेगा भोपा

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** गाजियाबाद के एक युवक ने दहेज लोभियों के इस युग में शानदार मिसाल कायम की है। दरअसल गाजियाबाद भीकमपुर निवासी अरुण चौधरी के पुत्र विश्वजीत का रिश्ता भोपा थाना क्षेत्र के रहकड़ा निवासी युवती रूप चौधरी पुत्री श्याम सिंह अहलावत के साथ तय हुआ है। कल यानि 28 अप्रैल को शादी की रस्म अदा की गयी और सगाई की रस्म लड़की के भाई शिवम ने विश्वजीत की गोद में रुपयों से भरे पांच पैकेट रखे तो विश्वजीत ने सवाल किया कि यह क्या है? तो परिवार के लोगों ने बताया कि यह नेग है। कुछ लोगों ने यह रकम 51 लाख बताई मगर परिवार ने इस रकम की पुष्टि अभी 7 लाख रुपये ही की है। मगर सूचना 51 लाख रुपये की ही है। जैसे ही दूल्हे विश्वजीत को नेग की रकम बताई गयी तो विश्वजीत ने पांचो पैकेट वापस करते हुए एक रुपये की मांग की। लड़की के परिवार से एक रुपया लेने के बाद विश्वजीत ने पांचो पैकेट अपनी गोद से उठाए और वापस लड़की के परिवार को दे दिये। परिवार ने कहा कि नहीं यह तो नेग की रकम है, इसे वापस नहीं लौटाया करते तो विश्वजीत और उसके परिवार का जवाब सुनकर सब हैरत में रह गए। विश्वजीत ने कहा कि जिस व्यक्ति ने जीवनभर लाड़ प्यार से पाल पोसकर बड़ी की गयी बेटी को मुझे सौंप दिया हो, उससे बड़ा दहेज मेरे लिए क्या होगा? और वास्तव में विश्वजीत व उसके परिवार के द्वारा एक रुपये के अलावा नकदी की रकम में कुछ नहीं लिया गया। आपको बता दें कि विश्वजीत के परिवार ने यह भी जानकारी दी कि उनके यहां तीन बेटियां, अनु, रितु और प्रीती भी हैं और तीनों की शादियां धूमधाम के साथ सबकुछ देकर की गयी है, मगर उन्हें विश्वजीत के लिए एक भी रुपया नहीं लेना, यह उन्होंने पहले से ही सोच रखा था। विश्वजीत इस समय सिविल कॉन्ट्रेक्टर है और किसान परिवार का होने के नाते उनकी 60 बीघा जमीन भी है। विश्वजीत के पिता अरुण कुमार चौधरी शुरू से ही खेती-बाड़ी का काम करते हैं। आज विश्वजीत की बारात भोपा थाना क्षेत्र के रहकड़ा में आएगी और अपने आपमें एक नई मिसाल कायम करके जाएगी। बिना दहेज के सिर्फ दुल्हन की डोली लेकर खुशी-खुशी अपने घर गाजियाबाद लौट जाएगी। बिना दहेज की यह शादी करना सिर्फ गाजियाबाद में ही नहीं मुजफ्फरनगर में भी चर्चा का विषय बना हुआ है और सबकी जुबां पर एक ही बात है कि दहेज लोभियों के इस युग में विश्वजीत ने एक रुपये सम्मान के लेकर शानदार मिसाल कायम की है।






# स्विफ्ट कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, युवती की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** मंगलवार को दोपहर 2 बजे मुजफ्फरनगर के नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर उस समय दर्दनाक हादसा हो गया जब एक स्विफ्ट कार चालक ने एक स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवतियां घायल हो गयी। घायल में से एक युवती संस्कृति पुत्री दिनेश शर्मा निवासी बेलड़ा, थाना भोपा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी तथा स्कूटी सवार दूसरी युवती आयुषी पुत्री रावल निवासी मखियाली थाना नई मण्डी गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसका उपचार भोपा रोड स्थित आनन्द हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक युवती संस्कृति के परिजनों को जब दुर्घटना व उसकी मौत की सूचना दी गयी तो परिजन मौके पर पहुंचे और पूरे परिवार में जवान युवती की मौत से कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतका की पोस्ट मार्टम की कार्यवाही कर ली और जानकारी देते हुए बताया कि स्विफ्ट कार चालक के विरुद्ध कार्यवाही की तैयारी की जा रही है। मृतका संस्कृति श्रीराम कॉलेज की छात्रा थी।








## विधायक राजपाल सिंह बालियान की गाड़ी की चपेट में आने से एक सात वर्षीय बालक घायल

**शाहपुर, 29 अप्रैल (बु.)।** रालोद विधान मंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान की गाड़ी की चपेट में आने से एक सात वर्षीय बालक घायल हो गया। विधायक ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। रालोद विधान मंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान मंगलवार को अपने गांव गढ़ी नौआबाद से क्षेत्र में जा रहे थे, जब वह गांव आदमपुर के पास पहुंचे, तो वहां पास ही एक आम के बाग में अपने साथियों के साथ खेल रहा एक सात वर्षीय बालक अरमान पुत्र जावेद अचानक से सड़क पर आ गया और वह विधायक की गाड़ी की चपेट में आने से घायल हो गया। विधायक ने तत्काल घायल बालक को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और घायल के परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद घायल बालक के परिजन अस्पताल पहुंचे। घायल बच्चे की हालत की जानकारी लेने के बाद विधायक अस्पताल से चले गए। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि घायल बच्चे की हालत ठीक है और उसका उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई है। उधर पुलिस ने घटना के संबंध में कोई भी जानकारी होने से इंकार किया है।



## मंसूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में ट्रांसफॉर्मर चोरी करने वाले गैंग के 24 बदमाश गिरफ्तार किए

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** सोमवार देर रात मन्सूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान ट्रांसफॉर्मर चोरी करने वाला एक गैंग पकड़ा है। बदमाशों के इस गैंग में 45 सदस्य शामिल हैं और बदमाश आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस इस गैंग के अभी तक 24 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गैंग के 21 बदमाश अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हैं, जिनकी तलाश पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गैंग के फरार सदस्यों के पकड़े जाने पर पुलिस सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटनाएं जनपद में लगातार सामने आ रही थी, जिसके बाद बदमाशों को पकड़ने के लिए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस की टीम तैयार की थी। देर रात मन्सूरपुर पुलिस ने इस गैंग के 12 बदमाशों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उनका गैंग बिजली के तार, ट्यूबवैल से उपकरण चोरी करता है। वारदात के बाद चोरी किए सामान को खतौली के कबाड़ियों को बेच देते थे। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि यह गिरोह पिछले काफी समय से ट्रांसफॉर्मर, बिजली के तार व ट्यूबवैलों में चोरी कर रहा था। गिरोह में शामिल सभी बदमाश आपस में रिश्तेदार हैं। पूरे गैंग को सतपाल निवासी वहलना व मेरठ जनपद के सरधना थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी दो भाई राहुल व जोगेन्द्र उर्फ टोनी संचालित करते हैं। इस गिरोह ने जनपद व आसपास के जनपदों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। अभी तक गिरोह में शामिल 24 बदमाश पकड़े जा चुके हैं, जिसमें खतौली के कबाड़ी भी शामिल हैं। फरार 21 बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।




## पाकिस्तान को मिलेगा अब भारत का करारा जवाब, पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दी

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने आज अपने आवास पर हाईलेवल मीटिंग की जिसमें रक्षामंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ पीएम मोदी ने एक घंटे से ज्यादा देरी तक चर्चा की। एनएसए अजित डोवल भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दी है कि पाकिस्तान के खिलाफ वो जो चाहे फैसले ले सकती है। पीएम मोदी ने अचानक ये हाईलेवल मीटिंग बुलाई थी, जिसमें देश की सुरक्षा से जुड़े सबसे बड़े अधिकारी मौजूद थे। इस मीटिंग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे और उनके साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ मौजूद रहे। तीनों सेनाओं के अध्यक्ष भी थे। इस मीटिंग पर सबकी निगाहें टिकी थीं। पीएम मोदी ने आज के हाईलेवल मीटिंग के बाद कहा कि मुझे अपनी सेना पर पूरा भरोसा है, पाकिस्तान को सेना अपने हिसाब से जवाब दे। पाकिस्तान पर फैसला लेने के लिए सेना आजाद है। पीएम मोदी ने देश की तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम ने भारतीय सैन्य बलों की पेशेवर क्षमताओं में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों, और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने साफ लहजे में कहा था कि किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी सऊदी अरब की यात्रा पर थे, जब पहलगाम में आतंकियों ने नापाक हरकत के अंजाम दिया और 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध को लेकर पूरे देश में आक्रोश देखा जा रहा है।



## नाबालिग से अश्लील हरकत करने के आरोपी को तीन साल की कैद, 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)** वर्ष 2019 में नाबालिग से घर में घुसकर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को विशेष पोक्सो कोर्ट ने तीन साल की सजा और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। खतौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 4 जून 2019 को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह परिवार के साथ खेत पर गया हुआ था। घर पर उसकी 16 वर्षीया बेटी अकेली थी। आरोपी रामअवतार निवासी गांव चंदपुरी, थाना खतौली घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत करते हुए कपड़े फाड़ दिए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजीसी प्रदीप बालियान व दिनेश शर्मा ने बताया कि मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को 3 साल की सजा व 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद के मामले में नहीं हुई सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** 31अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में हिन्दूवादी संगठनों द्वारा पंचायत का आयोजन किया गया था। उक्त पंचायत में नेताओं ने बढ़-चढ़कर भड़काऊ भाषण दिये थे, जिसके बाद पुलिस की ओर से भड़काऊ भाषण देने के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, श्यामपाल चेयरमैन, बिट्टू सिखेड़ा, साध्वी प्राची, शिव कुमार, मिंटू, योगेश, वीरेन्द्र प्रमुख, सचिन, समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 14 में से 1 आरोपी विरेन्द्र प्रमुख की मुकदमा चलते-चलते मौत हो चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी शिवकुमार की फाइल को कोर्ट द्वारा अलग कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर निजी परिवाद के मामले में वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित 21 लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि उक्त मामले में गवाहों व गवाहों व आरोपियों के पेश न होने से कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी, जिसके लिए सुनवाई की अगली तिथि कोर्ट ने 17 अप्रैल नियत की है।

## भूसा व्यापारी मामले में अभी तक नहीं पकड़े गए बदमाश, दो बदमाशों पर इनाम की धनराशि बढ़कर 50-50 हजार हुई

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** दो सप्ताह पहले भोपा रोड स्थित बिंदल पेपर मिल के समीप भूसा व्यापारी से 11 लाख रुपए लूटने वाले दो बदमाशों पर पुलिस ने इनाम की धनराशि बढ़ा दी है। अब पुलिस ने दो बदमाशों पर 50-50 हजार रुपए, जबकि उनके एक साथी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषितत किया है। बदमाशों की तलाश में पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है, जो बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। आपको बता दें कि दो सप्ताह पूर्व बाइक सवार बदमाशों ने भोपा रोड पर बिंदल पेपर मिल के समीप भूसा व्यापारी उज्ज्वल से 11 लाख रुपए की लूट की थी। बदमाश वारदात को अंजाम देकर शहर की ओर फरार हो गए थे। बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को ट्रेस कर लिया है। वारदात को अंजाम देने वाले दौराला थाने के हिस्ट्रीशीटर अरविंद निवासी ब्रह्मपुरी थाना दौराला, रवि निवासी भगवानपुरी थाना दौराला व सन्नी निवासी रविदासपुरी थाना दौराला पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था वहीं दो बदमाश अरविंद व रवि पर इनाम की धनराशि बढ़ा दी गयी है। अब पुलिस ने इन दोनों बदमाशों पर इनाम की धनराशि 50-50 हजार रुपए कर दी है। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में लगातार दबिशें दे रही है। डीआईजी एवं एसएसपी सिंह अभिषेक सिंह ने बताया कि बदमाश अरविंद व रवि पर पचास-पचास हजार का इनाम घोषित किया गया है।

## शाहनवाज मामले में पुलिस ने सात और लोगों को किया तलब

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** शाहनवाज राना की खुद की मुश्किलें तो लगातार बढ़ ही रही थी अब उनके परिवार के अन्य लोगों की मुश्किलें भी बढ़ने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रह गयी है। कानून का शिकंजा लगातार उनके परिवार पर कसता दिखाई पड़ रहा है। इसी क्रम में आज पूर्व विधायक शाहनवाज राना से मिले मोबाइल के मामले में पुलिस ने सात लोगों को नोटिस जारी करते हुए पूछताछ के लिए तलब किया है। जिला कारागार से पूर्व विधायक ने सभी सात लोगों से लगातार मोबाइल पर बात की। इन सभी सात लोगों की आईडी निकलवाकर पुलिस ने इन्हें नोटिस देकर तलब किया है। इसमें शाहनवाज परिवार के तीन लोग शामिल हैं।

आपको बता दें कि 5 दिसम्बर से जीएसटी चोरी के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना जिला कारागार में बंद चल रहे हैं। लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें मुजफ्फररनगर से चित्रकूट जेल स्थानान्तरित कर दिया गया था, जिसके बाद उनकी रिमांड भी ली गयी थी और उनके समधी पर उन तक सिम पहुंचाने के मामले में उन्हें तलब कर उन्हें भी जेल भेज दिया गया था। पूर्व विधायक के समधी मौहम्मद गाजी के नौकर मौहम्मद आमिर के नाम पर सिम मिला था तभी से शाहनवाज परिवार व उनके समधी के परिवार की मुश्किलें लगातार कम होने का नाम नहीं ले रही। नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने बरामद हुए मोबाइल का सीडीआर खंगाला तो पूर्व विधायक ने सात अलग- अलग नम्बरों से जिला कारागार में रहते हुए बात की थी। अब इन सभी नम्बरों की आईडी निकलवाकर उन्हें नोटिस भेज दिया गया है।

## अश्लील फोटो खींचने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** युवती की अश्लील फोटो व वीडियो बनाने के मामले में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की है। युवती का आरोप है कि आरोपी उसके परिवार को मुकदमा लिखाने पर धमकी दे रहा था। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि वह दिल्ली में नौकरी करती है। उसके पति का गलत लोगों के साथ उठना बैठना है। इस कारण परिवार ने उनसे दूरी बना रखी है। आरोप है कि वह होली के त्यौहार पर घर पर आयी हुई थी। इसी बीच आरोपी युधिष्ठर निवासी पचैंडा ने डरा धमकाकर उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। दहशत के कारण वह काफी समय से चुप थी। क्योंकि आरोपी का अपराधिक इतिहास है। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई करने पर उसने घर पहुंचकर मां को धमकी दी। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल का कहना कि युवती के अश्लील फोटो खींचने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## पलड़ा में महिला ने अपने जेठ व उसके पुत्रों पर लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोप

**शाहपुर, 29 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ा में एक महिला ने अपने जेठ व उसके पुत्रों पर उसके पति के साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के गांव पलड़ा निवासी मुकेश पत्नी कृष्णपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनका जेठ इंद्रपाल के साथ जमीनी विवाद चल रहा है, जिसके चलते दो दिन पूर्व इंद्रपाल में उसके पुत्रों ने उसके व उसके पति के साथ मारपीट की थी, जिसके संबंध में उसके पति ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। मंगलवार को वह व उसका पति अपने खेत पर चारा लेने के लिए गए थे। इसी दौरान इंद्रपाल व उसके पुत्र आदि खेत पर पहुंचे और उसके पति पर लाठी-डंडों आदि से हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। उसने बताया कि उसका पति दिल का मरीज है। आनन-फानन में परिजन उसके पति को कस्बे के अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां से उसे जिला मुख्यालय के लिए रैफर कर दिया, जब वह अपने पति को लेकर मुजफ्फरनगर अस्पताल पहुंचे, तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।





53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अक्षय तृतीया

वर्ष: 53/अंक :118 बुधवार, 30 अप्रैल 2025 बैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ -8






श्री रामकुमार ज्वैलर्स

पराग गोयल

नई मंडी में

54B, VAKIL ROAD, NEW MANDI, MUZAFFARNAGAR | +91 9837405000

# अज्ञात चोरों ने दो पत्रकारों की दुकानों पर की चोरी

## - घटना थाना रोड पर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई



**बुढ़ाना, 29 अप्रैल (बु.)।** कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर ही एक अज्ञात चोर ने दो पत्रकारों की दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति ही साफ कर पुलिस महकमें में हड़कंप मचा दिया और पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा दिया। पुलिस ने भी घटना को चैलेंज के रुप में स्वीकार कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर पत्रकार नरेंद्र सैनी का मेडिकल स्टोर व पत्रकार डॉक्टर बासित सैफी के क्लीनिक का ताला तोड़कर दोनों स्थानों से नगदी सहित लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना का पता मंगलवार की सुबह उस समय लगा, जब दोनों पत्रकार अपने अपने प्रतिष्ठान को खोलने के लिए आए। घटना की सूचना मिली तो पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगाली, तो एक युवक चोरी करता दिखाई दिया। पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए दोनों पत्रकारों को आश्वासन दिया कि उक्त घटना का खुलासा एक दो दिन में कर दिया जाएगा। राहुल मेडिकल स्टोर के स्वामी विनोद सैनी ने बताया उनके गल्ले में हजारों रुपए की नकदी रखी हुई थी, जहाँ चोर बड़े आराम से दुकान के ताले तोड़कर हजारों रुपए चोरी करके ले गया। दूसरी दुकान के स्वामी डॉक्टर बासित ने बताया कि चोर ने दुकान के ताले तोड़े। फिर अंदर गेट का शीशा तोड़कर दुकान से हजारों रुपए का कीमती समान चोरी करके ले गया। बताया जाता है कि जहां पर घटना हुई है, वहां से बुढ़ाना कोतवाली चंद कदमों की दूरी पर है। रात्रि मे गश्त होने के बाद भी चोरी होना बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में आज एक प्रभावशाली विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रितेश सचदेवा, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश उपस्थित रहे, जबकि बीना शर्मा, जिला समन्वयक, मिशन शक्ति कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख वक्ताओं में इंस्पेक्टर जगत, अमरजीत, गौरव मलिक एवं गजेन्द्र शामिल रहे। इन सभी ने विधिक जागरूकता पर विचार रखते हुए छात्रों व आमजन को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने सभी अतिथियों द्वारा स्वागत पौधा भेंट कर किया गया, जो पर्यावरण जागरूकता और सम्मान का प्रतीक था। मुख्य अतिथि रितेश सचदेवा ने विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, निःशुल्क विधिक सहायता और नागरिकों को न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने के उपायों की जानकारी दी, जबकि विशिष्ट अतिथि बीना शर्मा ने मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों को साझा किया। अनुभव कुमार, सचिव ने कहा कि एक जागरूक नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। विधिक साक्षरता कार्यक्रम न केवल लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है, बल्कि समाज में न्याय, समानता और कानून का सम्मान भी बढ़ाता है। ऐसे कार्यक्रमों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना समय की माँग है। एक सशक्त राष्ट्र की नींव जागरूक नागरिकों से ही बनती है और विधिक साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में एक अहम कदम है। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं सभी से यह अपील करता हूँ कि आप केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रहें। कानूनी जागरूकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। पढ़िए, जानिए और दूसरों को भी बताइए। हमारा कॉलेज इस दिशा में हमेशा प्रयासरत रहा है और आगे भी रहेगा कि हम नियमित रूप से विधिक कार्यशालाएं, सेमिनार और क्लासेज आयोजित करते रहेंगे, ताकि हमारे छात्र सिर्फ अच्छे प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि जागरूक और उत्तरदायी नागरिक भी बनें। कार्यक्रम में संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और विधिक ज्ञान प्राप्त किया। सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



# दो वाहनों की भिड़ंत में दोनों चालक हुए घायल

**बुढ़ाना, 29 अप्रैल (बु.)।** बुलेट और बाइक की जोरदार भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों घायलों को जिला हस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला पूर्वी पछाला निवासी करीब 24 वर्षीय वासु पुत्र पंकज शर्मा आज अपनी बहन गुनगुन को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के बावड़ला पुलिस चौकपोस्ट पर लेने के लिए बुलेट पर जा रहा था। उसकी बहन मेरठ से पढ़कर अपने घर आ रही थी, जो कि अपने भाई का बावड़ला चौकी के पास खड़ी हुई इंतजार कर रही थी, जब वासु लगभग दो बजे बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर एक रेस्टोरेंट के पास आया, तो विपरीत दिशा से आ रही एक स्पलेंडर मोटर साईकिल की बुलेट से भिड़ंत हो गयी, जिसमें दोनों वाहनों के चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। आते-जाते लोगों की सूचना पर बावड़ला पुलिस चौकी के प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अपनी सरकारी जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाकर मोबाइल फोन के आधार पर घटना की सूचना दोनों युवकों के परिजनों को दी और परिजन कुछ ही देर बाद रोते बिलखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचे, तो पुलिस ने परिजनों को सांत्वना दी। उधर चिकित्सकों ने दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए उनको जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया, जहां पर दूसरे युवक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी 35 वर्षीय नूर पुत्र अनीस की हालत गंभीर बनी हुई थी।

# हिन्दू दुकानदार का बायकॉट करने की ऑडियो वायरल करने वाले के मुस्लिम युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

## -ऑडियो वायरल होने के बाद सीओ ने पीड़ित दुकानदार व आरोपी से पूछताछ की - कोल्डड्रिंक को लेकर हुआ था विवाद



**मीरापुर, 29 अप्रैल (बु.)।** सोशल मीडिया पर एक मुस्लिम युवक द्वारा एक हिन्दू दुकानदार का बायकॉट करने की ऑडियो वायरल करने के मामले में उच्चाधिकारियों द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद सीओ जानसठ ने थाने पहुँचकर मामले की जांच की, जिसके बाद पुलिस ने ऑडियो वायरल करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तीन दिन से वायरल ऑडियो के मामले में मंगलवार को सीओ जानसठ यतेंद्र नागर थाने पहुँचे। सीओ यतेन्द्र नागर बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रही थी। उक्त ऑडियो में एक मुस्लिम युवक एक हिंदू दुकानदार का बायकॉट करने व सामान न खरीदने की अपील कर रहा था। वायरल ऑडियो में उक्त युवक ने कई मस्जिदों में मौलानाओं के द्वारा भी हिंदू दुकानदार के बायकॉट करने की घोषणा करने का जिक्र किया गया है। उक्त प्रकरण में सीओ ने हिन्दू दुकानदार व ऑडियो वायरल करने वाले युवक दोनों से बातचीत की, तो पता चला कि हिंदू दुकानदार का बायकॉट करने का ऑडियो वायरल करने वाले मुस्लिम युवक का हिन्दू दुकानदार शरद के साथ कोल्डड्रिंक खरीदने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद मुस्लिम युवक ने आवेश में आकर उक्त ऑडियो वायरल की थी। जांच के दौरान सीओ यतेन्द्र नागर में मीरापुर की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अरशद कासमी को भी थाने बुलाकर बातचीत की, तो मौलाना अरशद कासमी ने युवक द्वारा वायरल की गई ऑडियो में मस्जिदों से हिन्दू दुकानदार का बायकॉट किए जाने की बात को गलत बताया। मौलाना अरशद कासमी ने बताया कि ऑडियो वायरल करने वाले युवक की किसी भी मस्जिद के इमाम से हिंदू दुकानदार का बायकॉट करने के संबंध में कोई बातचीत नहीं हुई थी। युवक ने अपने आप ही दुकानदार से विवाद होने के बाद उक्त ऑडियो वायरल की थी। जांच के बाद पुलिस ने ऑडियो वायरल करने वाले मीरापुर के मौहल्ला कोटला निवासी परवेज पुत्र सत्तार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया तथा आरोपी युवक परवेज को गिरफ्तार कर लिया तथा उसका चालान कर दिया।

# दबंगों ने मारी तीन सगे भाइयों को गोली, एक की मौत

**शाहजहांपुर 29 अप्रैल (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने तीन सगे भाइयों को गोली मार दी जिनमें से एक की मौत हो गयी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी कमलेश का बीती रात शेरू से विवाद हो गया था। विवाद के बाद शेरू ने अपने साथियों रामनिवास, सुमित, रामकिशोर, व एक अन्य को मौके पर बुला लिया और कमलेश की पिटाई शुरू कर दी, इसके बाद उन लोगों ने कमलेश को गोली मार दी। सूचना मिलते ही कमलेश के दो भाई अखिलेश और जितेंद्र भी मौके पर पहुंचे। उन दोनों को भी बदमाशों ने गोली मार दी। इसके बाद आरोपियों ने घर के पास खड़ी एक लोडर गाड़ी में भी आग लगा दी। घटना के बाद मौके पर तीन थानों का फोर्स भेजा गया। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जिसमें घायल कमलेश और जितेंद्र की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान कमलेश (40) की मौत हो गई। पुलिस ने शेरू ,रामकिशोर ,रामनिवास, सुमित और एक अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।



# मेधावी छात्रा शिवानी को किया गया सम्मानित

## - सभी छात्राओं से शिवानी बनने का आह्वान

**बुढ़ाना, 29 अप्रैल (बु.)।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना की हाई स्कूल की होनहार छात्रा कुमारी शिवांशी को आज मंगलवार के दिन शिक्षण संस्था आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना के प्रार्थना स्थल पर सैंकड़ों छात्राओं और कॉलेज के समस्त स्टाफ की मौजूदगी में होनहार छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया। शिवांशी ने कॉलेज में हाईस्कूल परीक्षा में 85.08 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और इसी के साथ साथ कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी के द्वारा प्रार्थना स्थल पर सभी छात्राओं को बताया गया कि छात्रा कुमारी शिवांशी इस कॉलेज में कक्षा 06 से लगातार अध्ययन कर रही है। इसके द्वारा कालेज के हर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाता है। कक्षा 08 में इंस्पायर अवार्ड में मंडल स्तर तक जाने का सौभाग्य भी प्राप्त किया था। प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षिकाओं के द्वारा भी छात्रा के सुसंस्कारी व्यवहार का बखान किया गया और इस तरह की जीवन शैली अपनाने के लिए अन्य छात्राओं से भी कहा गया। प्रार्थना स्थल पर सभी शिक्षिकाओं व छात्रा के दादाजी के समक्ष छात्रा को सम्मानित किया गया। यहां पर मुकेश, अर्चना चौधरी, वंदना राजन, सारिका वर्मा, शशि प्रभा, सुधा रानी, विजया लक्ष्मी, रचना और राखी आदि शिक्षिकाएं रही।

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बुस.)।** आज एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में एमबीए विभाग के ओडीटोरियम में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एसडीसीएमएस द्वारा फ्लिपकार्ट सप्लाई चैन ऑपरेशन एकेडमी ऑरिएंटेशन प्रोग्राम द्वारा एमबीए/एससीए छात्र/छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता व फ्लिपकार्ट कम्पनी की ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर व रिसोंस पर्सन मिस खुशी सोम द्वारा किया गया व उन्होंने बताया कि फ्लिपकॉर्ट कम्पनी ने पूरे देश के कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए कमाई का मौका दिया है। छात्र कंपनी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल चैंपियन प्रोग्राम के तहत मई से लेकर जुलाई के बीच इंटर्नशिप भी कर सकते है। इसके लिए उन्हें बतौर प्रोत्साहन धनराशि भी दी जायेगी। सर्वप्रथम छात्रों की स्कीनिग टेस्ट में सफल हुए योग्य 37 छात्र/छात्राओं की लिखित परीक्षा करायी गयी तथा परीक्षा में पास होने वाले 07 छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। चयन के पश्चात छात्रों को कार्यशैली के बारे में प्रशिक्षण देकर विभिन्न शाखाओं में नियुक्ति दी जा सकती है। प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा कॉलेज छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के विभिन्न आयामों के लिये भी तैयार करता है। छात्र/छात्राओं को प्लेसमेंट के लिये तैयार किया जाता है। उनके कोर्स में उन विषयों को शामिल किया जाता है. जिससे छात्र मार्केट डिमांड के अनुसार तैयार हो सकें। इस तरह की विभिन्न प्रक्रियाओं से छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन होता है तथा अध्ययन के दौरान शिक्षा व प्रबंधन के पाठ्यकमों में समय-समय पर स्किल डेवलपमेंट के सेमिनार भी आयोजित किये जाते है, ताकि छात्रों को रोजगार व प्रतियोगिताओं में भी लाभ मिल सके। इसी के साथ उन्हें बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में काम करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्लेसमेंट कोर्डिनेटर मिस पारूल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में कंपनी ने एक ऑनलाइन टेस्ट लिया, जिसके बाद चयनित छात्र/छात्राओं को ट्रेनिंग पर रखा जाएगा। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उनको प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फ्लिपकार्ड एकेडमी के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी कार्यक्रम ई-कामर उद्योग के विभिन्न पहलुओं की गहन समझ प्रदान करते है, साथ की आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का विस्तृत अवलोकन भी प्रदान करते हैं। ये कार्यकम प्रशिक्षुओं को ई-कॉमर्स उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी रूचि के अनुसार सही कौशल सेट विकसित करने में पूरी तरह से मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जहाँ वे पूरी तरह से नौकरी के लिए तैयार हो सकते हैं। कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने बताया कि यह सब कॉलेज के उच्च स्तर की शिक्षा के निरन्तर मार्गदर्शन कड़ी मेहनत का नतीजा है, उन्होने बताया कि हमारे कॉलेज में छात्र/छात्राओं के लिए नियमित अंतराल पन पर्सनेलिटी डेवलप्मेन्ट व सेमिनार आयोजित किये जाते है, जिस कारण आज हमने सफलता हासिल की है। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने विभाग के सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रवि मित्तल, डॉ. विभूति अग्रवाल, मुकुल जैन, देवेश गुप्ता, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, अंकु अग्रवाल, महिमा मंगल, डॉ. अनम जैद, डॉ. नितिका सिंह, अन्नु त्यागी, आदित्य कश्यप, तुषार भारद्वाज आस्था सिंघल, उमंग शर्मा, आयुष गुप्ता, अन्जना शर्मा, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक व रवि भार्गव आदि शिक्षकगणों ने प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

# श्रीराम कॉलेज के ललित कला विभाग में पारंपरिक कलाओं की कार्यशाला का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बुस.)।** ललित कला विभाग ने हाल ही में पारंपरिक भारतीय कलाओं के उत्सव और संरक्षण के लिए समर्पित एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया। सर्वप्रथम कार्यशाला का उद्घाटन पारंपरिक कला के क्षेत्र की राणा प्रवीण के प्रेरक मुख्य भाषण के साथ हुआ। अपने संबोधन में राणा प्रवीण ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया और नवोदित कलाकारों को पारंपरिक ढांचे के भीतर अन्वेषण और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। पूरे सप्ताह प्रतिभागियों ने राणा प्रवीण के नेतृत्व में गहन सत्रों में भाग लिया। इन जटिल कला रूपों में गहन ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। राणा प्रवीण ने मीनाकारी, गोटा पट्टी, तंजौर पेंटिंग और लिप्पन कला सहित विभिन्न पारम्परिक कला रूपों की ऐतिहासिक जानकारी दी। इसके पश्चात इन सभी कलाओं को उन्होंने प्रयोगात्मक तरीके से सभी विद्यार्थियों को कार्य करवाया। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया और बड़े ही उत्साह के साथ अपने कार्य का प्रदर्शन किया। यह कार्यशाला एक सप्ताह तक चली। इस कार्यशाला में मीनाकारी, गोटा पट्टी, तंजौर पेंटिंग और लिप्पन कला सहित विभिन्न पारंपरिक कला रूपों में व्यावहारिक सत्र और प्रदर्शन शामिल थे। इस अवसर पर ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने बताया कि ललित कला विभाग युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल की मेजबानी जारी रखने की योजना पर काम रहा है और जीवंत और संवादात्मक माहौल छात्रों और कला प्रेमियों को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से निकटता से जुड़ने का मौका देता रहा है। अन्त में ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने सुश्री राणा प्रवीण को स्मृति चिन्ह और बुकें भेंट कर उनको सम्मनित किया। ललित कला विभाग की इस कार्यशाला को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा मीनाक्षी काकरान, प्रवक्ता डॉ. अनु, रजनीकांत, बिन्नू पुंडीर, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना, सोनी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ, शहजादी और करुणाकर शर्मा ने योगदान दिया।

# धूमधाम से मनाया गया गायत्री शक्तिपीठ का 25वां स्थापना दिवस



**भोपा, 29 अप्रैल (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित गायत्री शक्तिपीठ का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में नौकुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति दी। इस दौरान दूर-दराज से आए श्रद्धालु मौजूद रहे और मंत्रोच्चारण करते हुए समूचे विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार की ओर से आयोजित एक दिवसीय नौकुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन हो गया। मुख्य ट्रस्टी अशोक वर्मा ने यज्ञ का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन में अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए उदार रहें। सफलता के लिए समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी चार सूत्र जरूरी हैं। वहीं प्रसन्न रहने के लिए आवश्यकताएं कम करें और परिस्थितियों से तालमेल बैठाएं। आयोजित यज्ञ में पवित्र अग्नि के समक्ष श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान गायक डॉ. ओमपाल सिंह चौहान ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ट्रस्टी पुष्पेन्द्र मलिक, मा. सोमपाल सिंह, देवशरण त्यागी, एड. राजेश्वरी देवी, एनएस त्यागी, व्यवस्थापक विजेन्द्र शर्मा, नेपाल से आए अर्जुनदेव परिव्रजक, चौ. उदयवीर सिंह राठी, नेहा पाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज भारद्वाज ने किया। हवन यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत सभी ने मुख्य गंगा घाट पहुंचकर निर्मल गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया।

# मुंबई में क्रोमा शोरूम में लगी भीषण आग

**मुंबई, 29 अप्रैल (वार्ता)।** मुंबई में बांद्रा के लिंकिंग रोड इलाके में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी क्रोमा के शोरूम में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मुंबई अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने बताया कि आग शोरूम तक ही सीमित रही, जो तीन मंजिला लिंक स्क्वायर मॉल के बेसमेंट में स्थित है। उन्होंने बताया कि पूरे मॉल में धुआं फैल गया। सूत्रों ने बताया कि आग सुबह करीब 4:17 बजे लेवल 01 पर लगी और जल्द ही यह लेवल 02, लेवल 03 और लेवल 04 तक फैल गयी। बारह दमकल गाड़ियां, नौ जंबो वॉटर टैंकर, दो ब्रीदिंग अप्लायंस वैन, एक रेस्क्यू वैन और एक क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल अब भी आग बुझाने के प्रयास में लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**बुढ़ाना, 29 अप्रैल (बु.)।** पुलिस ने चोरी के एक केस में वांछित चल रहे एक आरोपी को मंगलवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चोर के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ गजेन्द्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने कांस्टेबल करनवीर सिंह और कांस्टेबल आकाश कुमार की मदद से चोरी के एक केस में वांछित चल रहे आसिफ उर्फ बब्बल पुत्र अनीस निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी को किसी खास मुखबिर की सूचना पर गश्त करने के दौरान गांव बसी खुर्द के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बब्बल के पास से तलाशी के दौरान एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# शुकतीर्थ ब्राह्मण आश्रम में मनाया भगवान परशुराम का प्रकट दिवस



**भोपा, 29 अप्रैल (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित ब्राह्मण आश्रम में भगवान परशुराम का प्रकट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुंदरकांड व भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समारोह में दण्डी आश्रम के प्रबन्धक मनोहरलाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम महान ओजस्वी, तपस्वी, यशस्वी योगी महापुरुष हुए हैं। युवा एकता सेवा संगठन के संस्थापक आचार्य वागीश कौशिक ने भगवान परशुराम जी को भगवान विष्णु का छठा अवतार बताते हुए सर्व समाज का गौरव और शौर्य का प्रतीक बताया और उनकी पितृभक्ति को विश्व में सर्वोच्च बताया। समापन पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अमित राठी ने कहा कि भगवान परशुराम हमारी संस्कृति के आधार हैं। अतः हम सबको भगवान परशुराम को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गौसेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव पंडित शुभम कौशिक, पं. विनोद शर्मा, प्रमोद सारस्वत, डॉ. संजू शर्मा, मुखियाजी, महकसिंह प्रधान, अनिल शर्मा, रोहिल, अमित शर्मा, रोहित शर्मा, मोनू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान नेशनल कांग्रेस रख देना चाहिए : संजय निरुपम



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। तमाम नेताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस बीच शिवसेना नेता संजय निरुपम का बयान सामने आया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवादी हमले में जिंदा बचने वाले भारतीयों पर शक जताने वाले और शर्मनाक बयानबाजी करने वाले देशविरोधी कांग्रेस नेता बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान नेशनल कांग्रेस कर दिया जाना चाहिए। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए संजय निरुपम ने कहा कि मुस्लिम वोटों के लिए कांग्रेस के नेता भारत विरोधी भूमिका निभा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नागरिकों के साथ कांग्रेस नेताओं को भी पाकिस्तान भेज देना चाहिए। निरुपम ने कहा कि हर भारतीय नागरिकों के मन में पहलगाम हमले का बदला लेने की भावना है, लेकिन कांग्रेस के नेता असंवेदनशील बयानबाजी कर पहलगाम हमले के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा,सिद्धारमैया, आरबी थिम्मापुर, सैफुद्दीन सोज, तारिक हमीद कर्रा और विजय वडेट्टीवार जैसे कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर असंवेदनशील बयान बाजी की। उन्होंने कहा कि इनके बयानों को देखते हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान नेशनल कांग्रेस कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान के विरोध में सरकार की भूमिका को पूरा समर्थन दिया था, लेकिन कांग्रेस के कई राज्यों के नेता पहलगाम हमले पर राजनीति कर रहे हैं। निरुपम ने कहा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाला शर्मनाक बयान कांग्रेस नेताओं ने दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने पर्यटकों की पहचान कर, धर्म पूछकर गोलीबारी किए जाने की घटना पर कहा कि भारत में मुस्लिमों को नमाज पढ़ने नहीं दिया जाता है, सड़कों पर भीड़ होने की वजह से उन्हें नमाज पढ़ने से रोका जाता है। इसी कारण से आतंकवादियों ने हमला किया। वाड्रा इस तरह के बेतुके बयान दे रहे हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पाकिस्तान समर्थक भूमिका की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को क्लीन चिट मिल रही है। निरुपम ने आगे कहा कि जिस कांग्रेस की वजह से देश को आजादी मिली उसी कांग्रेस के नेता आतंकवादी हमले की घटना के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद का समर्थन करने वाला बयान दे रहे हैं यह अत्यंत निंदनीय है।

# सपा पर बरसे योगी, कहा, पहलगाम पर पाकिस्तान को क्लीन चिट देने में जुटे नेता



**गोरखपुर, 29 अप्रैल (एजेंसी)।** यूपी के देवरिया जिले को सीएम योगी आदित्यनाथ ने 501परियोजनाओं का तोहफा दिया। वहीं गोरखपुर स्थित चरगांवा में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण भी किया। देवरिया में समारोह के दौरान हुई जनसभा में सीएम ने सपा मुखिया समेत उनकी पार्टी के नेताओं पर तीखे हमले बोले। सीएम ने कहा कि इन्हें पहलगाम आतंकी घटना को कोई गम नहीं है इन्हें फिक्र है कैसे पाकिस्तान को क्लीन चिट दी जाए। पूरी पार्टी इसी काम में लगी है। देवरिया जिले के पथरदेवा विधानसभा के ग्राम पडरी में हुई जनसभा में सीएम ने 676 करोड़ से अधिक की 501 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने कई योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र व चेक का वितरण भी किया। सीएम ने कहा कि अभी एक नए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ होने जा रहा है, जो गोरखपुर से सिलचर तक जाने वाला है। देवरिया से सीधे शामली दिल्ली जाना हो कम समय मे चले जाइये। गोरखपुर से देवरिया कभी सिंगल लेन की सड़क थी वो अब फॉर लेन बन रही है। देवरिया से हाटा मार्ग का भी चौड़ीकरण होगा। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ तो समाजवादी पार्टी के नेताओं के किस-किस प्रकार के बयान आते हैं। यह पता लगाने में ही कठिनाई होती है कि यह बयान समाजवादी पार्टी के नेता दे रहे हैं या कोई पाकिस्तान का प्रवक्ता दे रहा है। कानपुर के स्वर्गीय शुभम द्विवेदी के घर जाने को लेकर सपा मुखिया से जब सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वो हमारी पार्टी का नहीं था, जब पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर साथ खड़ा है, तो उनकी पार्टी का एक राष्ट्रीय महासचिव ये लहा रहा है कि पहलगाम में हिन्दू ने हिन्दू को मारा। यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट दी जा रही है। उनका एक सांसद तो और घटिया बयान दे रहा है। सीएम ने कहा कि जब भी विभाजनकारी, जातिवादी राजनीति होगी, तब तुष्टिकरण की पराकाष्ठा को पार करते हुए आपकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास किया जाएगा। वर्तमान में सपा और कांग्रेस के कुछ नेता यही कर रहे हैं। हमें आतंकवाद की एक स्वर से निंदा करनी चाहिए। पीएम के नेतृत्व में 144 करोड़ भारतवासियों को आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे, तो जैसे दस वर्ष में देश से आतंकवाद, उग्रवाद नक्सलवाद का खात्मा हुआ है वैसे ही जो थोड़े तत्व सिर उठाने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें भी जहन्नुम जाने के दिन बहुत जल्द दिखाई देंगे।

# 60% भारतीय को नहीं पता क्या है ? एआई गूगल की नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल (एजेंसी)।** इस समय पूरी दुनिया में अकयानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चर्चा है। हर रोज कोई न कोई कंपनी एआई चैटबॉट लॉन्च कर रही है। 2022 में चेटजीपीटी के आने के बाद से एआई को लेकर अलग ही क्रेज देखने को मिला है। गूगल, एप्पल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने अपने जेनरेटिव एआई बेस्ड टूल लॉन्च कर दिए। एआई के आने से आपके कई काम आसान हो गए हैं, जिस काम के लिए पहले घंटो लगते थे, उसे एआई महज कुछ सेकेंड्स में कर दे रहे हैं। एआई को लेकर गूगल और केंटार ने एक स्टडी की है, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस स्टडी में भाग लेने वाले 60 प्रतिशत भारतीयों को एआई के बारे में कोई जानकारी नहीं है। क्या आप ये सोच सकते हैं कि जहां एआई को लेकर इतना काम किया जा रहा है। स्वदेशी एआई टूल को लेकर सरकार काम रही है, वहां एआई के बारे में आधे से ज्यादा लोगों को पता ही नहीं है। इस स्टडी में भाग लेने वाले 31 प्रतिशत लोगों ने माना है कि उन्होंने किसी भी अकटूल का इस्तेमाल नहीं किया है। हालांकि, 75% भारतीयों ने अपने डेली रूटीन वाले कामों के लिए एआई के इस्तेमाल में रूचि दिखाई है। गूगल और केंटार ने इस स्टडी में भारत के 18 शहरों के 8,000 लोगों को शामिल किया है। इसमें जेनरेटिव एआई के एडॉप्शन, उसके प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं से जुड़े सवाल पूछे गए। इस स्टडी में हिस्सा लेने वाले 72% भारतीय ने अपनी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने के लिए एआई के इस्तेमाल की रूचि दिखाई है। वहीं, 77% कम्युनिकेशन और 73% लोगों ने एआई को इस्तेमाल करने में अपनी रूचि प्रकट की है। भारतीय यूजर्स की ये रूचि केवल प्रोफेशनल्स और एकेडमिक्स तक ही सीमित नहीं है। स्टडी में भाग लेने वाले 76% लोग चाहते हैं कि वो अपने रोजमर्रा के कामों के लिए एआई का इस्तेमाल करना चाहते हैं, ताकि समय की बचत हो सके। इसके अलावा 84 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वो अपनी पर्सनल लाइफ में ज्यादा क्रिएटिव होने के लिए एआई का इस्तेमाल करना चाहेंगे। यह स्टडी गूगल के एआई टूल जैमिनी के अर्ली एडॉप्शन को लेकर की गई है। गूगल जेमिनी इस्तेमाल करने वाले 92% यूजर्स का मानना है कि एआई के इस्तेमाल से उनका कॉन्फिडेंस बढ़ गया है, जबकि 93 प्रतिशत लोगों का कहना है कि एआई ने उनकी प्रोडक्टिविटी को बढ़ा दी है। वहीं, 85 प्रतिशत लोगों ने एक्सेप्ट किया है कि एआई ने उनकी क्रिएटिवी को जगाने का काम किया है।




# आज फिर आएगी सोने-चांदी के शोरूमों पर बहार, आया अक्षय तृतीया का त्यौहार





## सोने व चांदी के गहनों की खरीददारी के लिए आज बाजारों में उतरेंगे ग्राहक

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** आज अक्षय तृतीया का त्यौहार फिर एक बार धूमधाम से मनाया जायेगा। एक ओर भगवान परशुराम जयंती के विभिन्न कार्यक्रम होते दिखाई देंगे तो दूसरी ओर अक्षय तृतीया की शुभ परम्परा के अनुसार लोग महंगाई के दौर में भी सोन-चांदी की वस्तुएं खरीदते देखे जाएंगे। महंगाई के दौर में बस खरीदी जाने वाली वस्तु का वजन बेशक कम लेना पड़े मगर लोग मुजफ्फरनगर के प्रत्येक शोरूम व दुकानों पर बढ़-चढ़कर खरीदारी करते दिखाई देंगे। यूं तो शास्त्रों की मानें तो अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी के साथ-साथ गेहूं, घर में राशन भरने, पीली सरसों खरीदने, मिट्टी का मटका खरीदने आदि तक की परम्पराएं हैं, मगर आमतौर पर लोग सोना-चांदी खरीदकर ही इस पर्व को खुशी-खुशी मनाते हैं।




बताया जाता है कि इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के चलते कार्य भी शुरू कार्य करना लाभकारी माना जाता है। इसी के साथ-साथ वर्ष में एक बार राधा-रानी के चरणों के दर्शन भी मंदिरों में कराए जाते हैं। बाकी पूरे वर्ष राधा रानी के श्रीचरणों के दर्शन करने की इजाजत किसी भी सूरत में नहीं दी जाती। जिस मंदिर में भी राधा-कृष्ण की मूर्ति होगी, वहां आप ठाकुर जी के दर्शन तो कर सकते हैं, मगर राधा-रानी जो भी परिधान धारण करेंगी, चाहे वह साड़ी हो, लहंगा हो या लांचा या अन्य कोई परिधान, सभी में उनके चरण ढके हुए मिलेंगे।




## रामकुमार ज्वैलर्स नई मंडी पर ग्राहकों के अटूट विश्वास के साथ ज्वेलरी शॉपिंग बनी विशेष

पराग गोयल द्वारा श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी में इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया । शुभता, समृद्धि और सौंदर्य के प्रतीक इस पर्व को हमने न केवल एक धार्मिक अवसर के रूप में, बल्कि हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ाव और विश्वास के पर्व के रूप में भी मनाया।

इस खास अवसर पर हमारे शोरूम में विशेष रूप से तैयार की गई। दिन की शुरूआत हमारे स्टाफ और ग्राहकों की सुख-समृद्धि के लिए भगवान विष्णु की पूजा व अर्चना से हुई। नई और अनूठी ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत की गई, जिसमें ट्रेडिशनल से लेकर कंटेम्पररी डिजाइनों तक की रेंज शामिल थी । पोल्की, डायमंड, प्लेटिनम और एंटीक कलेक्शन के साथ-साथ दुल्हनों के लिए डिजाइन किए गए एक्सक्लूसिव सेट्स को ग्राहकों ने अत्यंत सराहा। हर एक आभूषण को इस तरह डिजाइन किया गया था कि वह न केवल शोभा बढ़ाए, बल्कि परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करे।

बढ़ती सोने की कीमतों के बावजूद, लोगों का उत्साह और हम पर विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत रहा। यह भरोसा ही हमारी असली पूंजी है, जो वर्षों की मेहनत, पारदर्शिता और उत्कृष्ट डिजाइन चयन के कारण बना है। हमने देखा कि ग्राहक केवल आभूषण खरीदने नहीं आए थे झ्र वे उस अनुभव को महसूस करने आए थे, जिसे हम हर त्योहार पर उनके लिए खास बनाते हैं। आज श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी एक ऐसा नाम बन चुका है, जो विश्वसनीयता, अनूठे डिजाइनों और उच्च गुणवत्ता का प्रतीक है। हमारा विशाल शोरूम पारंपरिक, आधुनिक, ब्राइडल, डायमंड, पोल्की, प्लेटिनम और एंटीक ज्वेलरी की प्रीमियम और विशेष कलेक्शन का एकमात्र केंद्र है - एक ही छत के नीचे हर वर्ग और हर जरूरत को पूरा करने वाला प्रतिष्ठान । हमारे डिजाइन एक्सपर्ट्स और कारीगरों की टीम लगातार नए ट्रेंड्स के साथ प्रयोग कर रही है, ताकि हर ग्राहक को कुछ नया, आकर्षक और संग्रहणीय मिल सके। इस अक्षय तृतीया पर हमने न केवल सोने और सौंदर्य की भावना का उत्सव मनाया, बल्कि हर उस रिश्ते को भी सम्मान दिया, जो वर्षों से हमारे साथ जुड़ा है। हम अपने ग्राहकों का धन्यवाद करते हैं और भविष्य में भी इसी प्रेम और विश्वास के साथ सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## तनिष्क के शोरूम में ग्राहकों को भा रहा गहनों का कलेक्शन

तनिष्क शादियो के सीजन में ग्राहकों को लुभाने के लिए नई डिजाइन के साथ ही आम आदमी की जेब को ध्यान में रखते हुए हल्के गहने भी लाया है। इसके चलते ग्राहकों को गहनों का कलेक्शन भा रहा है। 22 व 24 कैरेट के लिए तनिष्क जाना जाता है। अब 18 कैरेट सोने के गहने भी यहां मिलेंगे। यूपी व उत्तरांचल के तनिष्क शोरूम में इसे बढ़े स्तर पर लांच करने की तैयारी है। शुरूआत वाराणसी व गोरखपुर से होने जा रही है। तनिष्क के यूपी व उत्तराखंड के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार कहते हैं कि यूपी व उत्तराखंड के 49 शोरूम के जरिए ग्राहकों का विश्वास जीतने में तनिष्क सफल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राहक अक्षय तृतीया के मौके पर केवल 25 प्रतिशत राशि देकर सोने की बुकिंग कर सकते हैं।



उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में विवाह मुहूर्तों की भरमार के चलते तनिष्क के 'रिवाह' कलेक्शन की बिक्री में 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। 'रिवाह' तनिष्क का खास शादी - समर्पित कलेक्शन है, जिसे 'रिवाज' और 'विवाह' शब्दों को जोड़कर नाम दिया गया है। कंपनी ने इसके लिए शोरूम में अलग सेक्शन तैयार किया है, जो दूल्हा-दुल्हन और उनके परिवारों को खूब पसंद आ रहा है।

इस कलेक्शन में ग्लास कुंदन और 'अनबाउंड' हार खास आकर्षण हैं। ग्लास कुंदन की शुरूआती रेंज 6 से 10 लाख रुपये है और करीब 70 प्रतिशत ग्राहक इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं, डायमंड और स्टोन से बने 'अनबाउंड' हार भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक अक्षय तृतीया पर डिलीवरी के समय उन्हें बुकिंग वाले दिन का रेट या बाजार में घटे हुए रेट जो भी कम होगा, उसी पर सोना मिलेगा। साथ ही तनिष्क की आधुनिक मशीनों से पुराने सोने की जांच कराकर उसमें से केवल दो-तीन प्रतिशत कटौती पर नया सोना लिया जा सकता है, जबकि बाजार में कटौती काफी ज्यादा होती है। इसके अलावा 'गोल्डेन एड्वांटेज' और 'गोल्डेन हार्वेस्ट' जैसी स्कीमें भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं।




## कैंडल मार्च में शामिल हुए राकेश टिकैत, बोले- पर्यटकों पर हमले को राजनीतिक मुद्दा न बनाए कोई दल

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के बाद आतंकी हमले के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी सड़कों पर उतरे और कैंडल मार्च में शामिल हुए। अम्बा विहार स्थित गुलशन पार्क में भाकियू के बैनर तले सैंकड़ों लोग इकट्ठे हुए और पाकिस्तान व आतंकियों की कड़ी निंदा की। टिकैत ने बताया कि हमला होने के समय वह स्वयं लेह लद्दाख में थे। उन्होंने कहा कि देश का नुकसान हम सबका नुकसान है और इसमें हम सब लोग एकजुट होकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देंगे। अपने बयानों में टिकैत ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई राजनीतिक विवादित बयान नहीं दिया जाना चाहिए और न ही यह बहस का मुद्दा है। जो लोग इस घटना में मारे गए हैं, उसे परिवार के लोगों से जाकर पूछो कि उनके दिल पर क्या गुजरी है। उन्होंने करनाल के एक परिवार की पीड़ा बताते हुए कहा कि जिस परिवार के घर 21 तारीख को रंगीन टेंट लगा था, जब 22 तारीख को उनके घर सफेद टेंट लगा होगा तो उस पीड़ा का अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। नरेश टिकैत के विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि जब इतने सारे उल्टे सीधे सवाल पूछे जाएंगे, तो कोई न कोई बात मुंह से निकल ही जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे सवालों को आज रात बैठकर हम ब्लैक लिस्टिड कर देंगे। ब्लैक लिस्टिड से उनका इशारा ऐसे चैनलों की ओर था जो तोड़-मरोड़कर टीआरपी बढ़ाने के लिए मनमर्जी के बयान पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि न तो हम कमजोर हैं और न ही हमारी सरकार कमजोर है। और सरकार को इस समय अपना काम करना चाहिए न मीडिया को यह बताने की जरूरत है कि वह क्या कर रही है और न ही किसी और के आगे यह चर्चा करने का विषय है। सरकार जो करेगी, सही ही करेगी।



## मंदिर परिसर से काट दिये धार्मिक आस्था के बरगद और पीपल के पेड़

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव अमीरनगर में लकड़ी माफियाओं ने धार्मिक आस्था से खिलवाड़ करते हुए एक मंदिर परिसर से बरगद और पीपल के वृक्ष काट डाले। हिन्दू धर्म के लोगों को जब इसका पता लगा तो उन्होंने वन विभाग और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आरोपियों को जैसे ही पुलिस आने की सूचना मिली तो आरोपी अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का बताना है कि यह तो सिर्फ ताजा उदाहरण है। इलाके में लकड़ी माफिया लम्बे समय से सक्रिय हैं और वन विभाग को इस बात की कई बार शिकायत की जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने इकट्ठा होकर आज हुई इस घटना पर रोष व्यक्त किया। और ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाया कि कुछ लोगों की शय पर ही लकड़ी कटान का अवैध कार्य लगातार जारी है। फिलहाल वन विभाग ने मंदिर परिसर में काटे गए बरगद एवं पीपल के वृक्षों की घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



## दिल्ली सरकार ने फीस बढोत्तरी रोकने के लिए कानून बनाने का किया फैसला



**नयी दिल्ली, 29 अप्रैल (वार्ता)** दिल्ली सरकार ने स्कूलों की फीस बढोत्तरी को रोकने के लिए एक नया कानून बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित 'दिल्ली विद्यालय शुल्क निर्धारण (पारदर्शी एवं नियमन) विधेयक 2025' को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद श्रीमती गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय है। पहली बार बच्चों के भविष्य और अभिभावकों की सुविधा हेतु यह निर्णय किया गया है। अब कोई भी स्कूल अपनी मनमानी नहीं कर पाएगा। दिल्ली में अभी तक निजी स्कूलों की फीस निर्धारण और वृद्धि पर अंकुश को लेकर ऐसा कोई अधिनियम नहीं था। श्री सूद ने कहा कि 1973 के एक्ट में फीस बढोत्तरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था। पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया को पचास हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुर्माना देना होगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने विधेयक को मंजूर किया है जिसे जल्द ही विधानसभा से पारित किया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासक और साहसिक फैसला किया है जिसमें दिल्ली के सभी 1677 प्राइवेट स्कलों को फीस को लेकर गाइडलाइन तय किया जाएगा। इस विधेयक में शिक्षा निदेशायल के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के साथ साथ अभिभावकों की भी भूमिका होगी। इससे पहले की सरकार फीस बढत्तरी न हो उसको लेकर कोई काम नहीं किया था।

## फास्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मंथन बैठक का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बुस.)।** फास्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपनी दोनों ऑफिस टीमों के साथ एक विशेष मंथन बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य कंपनी की निरंतर प्रगति के बीच मूलभूत सिद्धांतों पर फिर से ध्यान केंद्रित करना और गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक का संचालन कर्णिका गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के प्रबंध निदेशक अमन गुप्ता ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारी टीम लगातार शानदार विकास कर रही है और अपने लक्ष्य समय से पहले पूरे कर रही है, लेकिन इस सफलता के बीच हमें अपने बुनियादी नियमों को कभी नहीं भूलना चाहिए। ग्राहक ही बाजार का राजा है, और हमें टिकट बंद होने के औसत समय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि पिछले कुछ समय में क्लाइंट साइड बग्स में वृद्धि देखी गई है, जिसे नियंत्रित करने के लिए हमने नया क्वालिटी एश्योरेंस विभाग स्थापित किया है। यह विभाग सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में क्लाइंट साइड बग्स को न्यूनतम किया जा सके। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल किशन अग्रवाल तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में विपिन जी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत पुष्पों की कलियों और पटका पहनाकर सम्मानपूर्वक किया गया। बैठक का आयोजन स्वराज इन सूटस इन होटल के प्रथम तल पर स्थित अंबर हॉल में किया गया। इस अवसर पर कंपनी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें निदेशक नेहा गुप्ता, कार्यकारी निदेशक अखिल बंसल, जनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट) रजत शर्मा, अनिरुद्ध, अक्षी, अजय, तुषार 1, तुषार 2, कृष्णा, सलोनी, जैनब, चिराग, रजत चौधरी, कपिल, प्राप्ति, अंशुमान, देवांश, उत्कर्ष, विक्रांत, अनंत, ऋतिक, आयुषी सहित सभी विभागों के सदस्य शामिल रहे। मंथन बैठक में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम, सेल्स टीम, कस्टमर सपोर्ट टीम, प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन टीम और क्वालिटी एश्योरेंस टीम के सभी सदस्यों ने एक-एक कर अपने विचार साझा किए। सभी ने अपने अनुभव, सुझाव और भविष्य की रणनीतियों पर खुलकर चर्चा की। बैठक के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने एक साथ स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया और आपसी संवाद को और मजबूत किया। फास्पी एंटरप्राइजेज ने इस अवसर पर अपने सभी ग्राहकों को पुनः आश्वस्त किया कि कंपनी सेवा की गुणवत्ता, समयबद्धता और ग्राहक संतुष्टि के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।






## युवाओं को कौशल से सशक्त बनाकर भारत को वैश्विक नवाचार केन्द्र बनाना है: मोदी

**नयी दिल्ली 29 अप्रैल (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का प्रयास युवाओं को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं और भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करें। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में युग्म नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन के माध्यम से भारत की नवाचार क्षमता और 'डीप-टेक' में इसकी भूमिका को बढ़ाने के प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर और मुंबई में कृत्रिम बुद्धिमत्ता , जैव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुपर हब के उद्घाटन का जिक्र किया। उन्होंने वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क के शुभारंभ का भी उल्लेख किया, जो राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के सहयोग से अनुसंधान को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री ने वाधवानी फाउंडेशन, प्रौद्योगिकी संस्थानों और इन पहलों में शामिल सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के बीच सहयोग के माध्यम से देश की शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने में रोमेश वाधवानी की समर्पण और सक्रिय भूमिका की भी विशेष सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में शिक्षा प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति वैश्विक शिक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, शिक्षण सामग्री और कक्षा एक से सात तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकों के विकास पर टिप्पणी की। उन्होंने पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफार्मों के तहत एआई-आधारित और स्केलेबल डिजिटल शिक्षा अवसंरचना मंच - 'एक राष्ट्र, एक डिजिटल शिक्षा अवसंरचना' के निर्माण पर प्रकाश डाला, जिससे 30 से अधिक भारतीय भाषाओं और सात विदेशी भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा सकेंगी।



## रेल भर्ती बोर्ड परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान, पेन, पेंसिल, पर्स पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली 29 अप्रैल (वार्ता)** भारतीय रेलवे ने रेल भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेल भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नयी सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। हालांकि किसी भी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे इसके लिए सक्षम प्राधिकारी ने कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों के पैरा 7 को संशोधित करने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों को दिए गए निर्देशों के पैरा 7(1) में कहा गया है कि प्रतिबंधित वस्तुएं/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, पेजर, घड़ियां, ईयरफोन, ब्लूटूथ युक्त डिवाइस, माइक्रोफोन, हेल्थ बैंड, कैलकुलेटर, पुस्तक, पेन, कागज, पेंसिल, ई-यूजर, पाउच, स्केल, राइटिंग-पैड, बेल्ट, हैंडबैग, टोपी, पर्स, कैमरा, पानी की बोतल, पैक/खुले खाद्य पदार्थ आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। परिपत्र के अनुसार परीक्षा केन्द्र के अंदर केवल ई-कॉल लेटर की अनुमति होगी। उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र के अंदर कोई पेन/पेंसिल नहीं ले जाना चाहिए। परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को पेन उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथों/पैरों पर मेंहदी न लगाएं, क्योंकि इससे बायोमेट्रिक्स कैप्चर करने में बाधा आती है। परिपत्र में कहा गया है कि पैरा 7(2) के तहत तलाशी के दौरान, धातु के वस्त्र, धार्मिक प्रतीक, चूड़ियाँ, आभूषण, मंगल सूत्र, कंगन ले जाते/पहने हुए पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को उनके कॉल लेटर में उपयुक्त पुष्टि के साथ परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी ताकि निरीक्षक ऐसे अभ्यर्थियों के प्रति अतिरिक्त सतर्क रहें। रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार इन बदलावों को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।




## व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल द्वारा लखनऊ में आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल एवं पदाधिकारी

**लखनऊ, 29 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष व स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल के निर्देशन में लखनऊ में व्यापार संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल द्वारा प्रदेश भर के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए प्रदेश के व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं एवं मुजफ्फरनगर सहित कुछ जिलों से जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त हो रही थी। उसके विषय में मुख्यमंत्री जी से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री जी द्वारा तत्परता के साथ अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि व्यापारियों का उत्पीड़न या शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगर कहीं से भी शोषण किए जाने की शिकायत आती है तो संबंधित अधिकारी इसके लिए जवाबदेह होगा। बैठक को व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल व प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला के साथ मंचासिन प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी सहित कुछ विभाग के अधिकारी सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं, उन्हें अपनी कार्यशैली बदलनी होगी। इस अवसर पर व्यापार संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला द्वारा मुजफ्फरनगर के प्रमुख पदाधिकारी राकेश त्यागी को जिलाध्यक्ष व विजय प्रताप सिंह को जिला युवाध्यक्ष मुजफ्फरनगर व्यापार संगठन के मनोनीत पत्र सौंपे गए। मुजफ्फरनगर से बैठक में सम्मिलित हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंघल व जिला युवाध्यक्ष विजय प्रताप द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष व स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल का प्रदेश भर के व्यापारियों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेकर उनका हल कराने हेतु स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्यापार संगठन के प्रदेश भर के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# नए शोरूम के शुभारम्भ के बाद श्रवण कुमार ज्वैलर्स ने अक्षय तृतीया के लिए भी ग्राहकों को किया आमंत्रित












## सबसे कम ज्वैलरी मेकिंग चार्ज की गारंटी का तोहफा अक्षय तृतीया पर ही मिलेगा

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** हाल ही में भगत सिंह रोड के बाद नई मण्डी गौशाला रोड पर श्रवण कुमार ज्वैलर्स के भव्य शोरूम का शुभारम्भ हुआ। नगर के गणमान्य लोगों ने उक्त शोरूम का शुभारम्भ तो किया ही, साथ ही साथ अपने ग्राहकों को अक्षय तृतीया के लिए भी सादर आमंत्रित किया, जिसमें उन्होंने ग्राहकों को नई नई वैराइटी देने के साथ-साथ उन्हें सबसे कम ज्वैलरी मेकिंग चार्ज की गारंटी भी दी। इसी गारंटी का लाभ आज अक्षय तृतीया के दिन बुधवार को भी लेते दिखाई देंगे। मंगलवार को भी श्रवण कुमार ज्वैलर्स पर ग्राहकों का तांता लगातार लगा दिखाई दिया, जिसमें ग्राहकों ने जमकर सोने-चांदी व यहां तक कि डायमंड के गहनों की खरीदारी की। इस अवसर पर शोरूम स्वामी श्रवण कुमार गोयल के सुपुत्र श्रेय गोयल ने ग्राहकों के साथ अपने कुछ पल साझा करते हुए कहा कि उनका मुजफ्फरनगर के ग्राहकों से वादा है कि वे हर सम्भव प्रयास करके उन्हें मुम्बई तक की ज्वैलरी मुजफ्फरनगर में अपने शोरूम पर उपलब्ध कराएंगे। यह ज्वैलरी मजबूती के साथ-साथ ग्राहकों की उम्मीदों पर शुद्धता के लिए भी खरी उतरेगी। उनका 80 वर्षों का विश्वास यह शोरूम खुलने से और बढ़ता दिखाई देगा और वे लगातार अपने ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी करते दिखाई देंगे।

## पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवीं रात कश्मीर नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की

**श्रीनगर, 29 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा, ''28-29 अप्रैल 2025 की रात को,



पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया।'' गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सोमवार को कश्मीर में नियंत्रण रेखा के अलावा, पाकिस्तान ने जम्मू के पुंछ क्षेत्र में छोटे हथियारों से गोलीबारी की थी। पिछले हफ़्ते पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2021 के समझौते के बाद से नियंत्रण रेखा पर अपेक्षाकृत शांति रही है। तनाव के बीच नियंत्रण रेखा पर रहने वाले सीमावर्ती निवासियों को सीमा पार से गोलाबारी फिर से शुरू होने का डर सता रहा है।

# इटावा में प्रेमिका से मिलने गए युवक की गोली मार कर हत्या

**इटावा , 29 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक की प्रेमिका के पिता ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया है कि चौबिया क्षेत्र के ग्राम खेड़ा हेलू में अनिल यादव ने अपने घर में रिश्तेदारी में आए लवकुश पाल (21) की गोली मारकर हत्या कर दी। लव कुश अनिल यादव की दीवार से फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ा था। चढ़ते समय ही अनिल यादव ने पीछे से लव कुश की कमर में गोली मार दी जिससे वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि औरैया जिले के दिबियापुर इलाके के कमालपुर गांव निवासी लवकुश पाल अपने बहनोई राजेश पाल के यहां आता जाता रहता था। सोमवार शाम को भी आया हुआ था रात करीब पौने आठ बजे घर से निकला। गांव में ही अनिल कुमार यादव का भी घर है। रात करीब पौने 11 बजे अनिल के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचे तो लवकुश का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा था। अनिल अपने हाथ में अवैध हथियार पकड़े था। उन्होंने बताया कि काफी समय से लव कुश की मेल मुलाकात अनिल यादव की बेटी से हो रही थी जिसकी जानकारी अनिल के अलावा गांव के अन्य लोगों को भी थी। अनिल यादव ने जैसे ही लवकुश को अपने घर की दूसरी मंजिल पर देखा वैसे ही गोली मार दी, घटनास्थल पर ही लव कुश की मौत हो गई। हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अनिल यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया । अनिल यादव के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया है जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्याकांड के बाद खेड़ा हेलू गांव में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है,गांव का कोई भी व्यक्ति इस हत्याकांड पर कुछ भी खुल कर नहीं बोल पा रहा है।



## साइबर ठगों ने युवक के खाते से 1.38 लाख की नकदी साफ की

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** एक युवक के खाते से बैंक अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने 1.38 लाख रुपये की नकदी निकाल ली। पीड़ित ने शहर कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना निवासी मोहित कुमार ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आई थी। कॉलर ने स्वयं को बैंक अधिकारी बताते हुए खाते की केवाईसी कराने की बात कही थी। उसके बाद साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर उसे क्लिक करने को कहा था। साइबर ठग की बातों में आकर पीड़ित युवक ने लिंक पर क्लिक किया, तो उसका मोबाइल हैक हो गया। उसके बाद कई ओटीपी नंबर आए और खाते से चार बार में उसके खाते से 1.38 लाख रुपए की नकदी निकाल ली गयी। पीड़ित ने पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

## निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा, आठ घायल

**महराजगंज 29 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में महराजगंज जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरने से मलबे में दब कर आठ मजदूर घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मोहनापुर में गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के तहत निर्माणाधीन ब्रिज का एक हिस्सा बीती रात अचानक गिर गया, जिसमें आठ मजदूर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे लाइन के ऊपर बनाए जा रहे इस ब्रिज पर मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ब्रिज का एक हिस्सा गिर गया, जिससे ऊपर काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाया गया और घायलों को बाहर निकाला गया और घायल मजदूरों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायलों में योगेश पुत्र पूरन सिंह (25),योगेश कुमार पुत्र मंगल सिंह (24),अनिल पुत्र रविंद्र सिंह (20), सुरेंद्र पुत्र पूरन सिंह (22),बालकृष्ण पुत्र भोला (30),टिंकू पुत्र राजवीर (30),लोनी पुत्र वीरेंद्र (30) और धर्मपाल पुत्र धम पाल (35) शामिल हैं।

## पाकिस्तान में सैन्य अभियान में 71 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद 29 अप्रैल (वार्ता)** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान में 17 आतंकवादी मारे गए। इसके साथ ही तीन दिवसीय 'घुसपैठ विरोधी अभियान' में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है। सेना ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह अभियान रविवार रात उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल इलाके में चलाया गया। इसके बाद 25 से 27 अप्रैल के बीच सुरक्षा बलों की ओर से आतंकवाद विरोधी कई सफल कार्रवाइयां की गई, जिसके दौरान अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे 54 आतंकवादियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर ने कहा कि अभियान के दौरान 17 और आतंकवादी मारे गए, साथ ही घटनास्थल से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए।बयान में कहा गया है कि तीन दिवसीय घुसपैठ विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश की सीमाओं की सुरक्षा और आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्ध हैं।

## मैनपुरी में मारा गया एक लाख की इनामी बदमाश

**मैनपुरी 29 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में** मैनपुरी के एलाऊ क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक दुर्दांत अपराधी को मार गिराया गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मैनपुरी जिले की पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एलाऊ क्षेत्र में बीती देर रात को हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारे गए बदमाश पर हाथरस जिले के राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। उन्होने बताया कि एलाऊ थाना क्षेत्र के तारापुर कट पर जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हाथरस और एस टी एफ की टीम के बीच हुई मुठभेड़ में जितेंद्र मारा गया। खुद को पुलिस से घिरा देख जितेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में जितेंद्र गोली लगने से मारा गया। जितेंद्र के पास से एक पिस्टल और कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है । जितेंद्र उर्फ जीतू हाथरस जिले के कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर का रहने वाला था। 13 जून 2024 को प्रधानी के चुनाव की रंजिश में राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या का मुख्य आरोपी जितेंद्र फरार चल रहा था। उस पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। हाथरस पुलिस को सूचना दी गयी है।

## हिन्दू शक्ति संगठन के संजय अरोड़ा को जान से मारने की धमकी

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक को विदेशी नम्बरों से जान से मारने की धमकी दी गयी है। पिछले कई दिनों से उनके पास विदेशी नम्बरों से कॉल की जा रही है। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पारसनाथ निवासी संजय अरोड़ा राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक है व संजय अरोड़ा द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर अवैध रूप से बनी मस्जिद व दुकानों का मुद्दा कोर्ट के माध्यम से उठाया गया था, जिसमें कोर्ट ने उक्त मामले में आदेश भी जारी किये थे। उसके बाद अब हिन्दू संगठन के नेता संजय अरोड़ा ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पास एक विदेशी नम्बर से कॉल आया था। कॉल करने वाले वाले आरोपी ने उनके साथ फोन पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। फोन कटने के बाद संजय अरोड़ा ने उस नम्बर पर दोबारा कॉल किया, तो फोन रिसीव नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से उन्हें विदेशी नम्बरों से कॉल आ रही है, उन्होंने कभी कॉल उठाई और कभी नहीं। मगर अब कॉल उठाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस मामले में एक प्रतिनिधि मंडल डीआईजीअभिषेक सिंह से मिला और पूरे मामले की जानकारी दी। डीआईजी व एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम थाने में मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।



## दुष्कर्म के आरोपी के घर कुर्की के नोटिस चस्पा

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)।** चरथावल थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। 25 मई तक न्यायालय में हाजिर न होने पर पुलिस आरोपी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश लेने के लिए कोर्ट में आवेदन करेगी। मिली जानकारी के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बझेड़ी निवासी जिशान ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली थी। परिजनों ने शादी के लिए युवती का रिश्ता दूसरे युवक से तय कर दिया। आरोपी ने अश्लील वीडियो उसके होने वाले पति को भेज दी, जिस कारण उसका रिश्ता भी टूट गया। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ चरथावल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चरथावल पुलिस ने आरोपी के घर मुनादी कराते हुए कुर्की नोटिस चस्पा कर दिया है।

# पंजाब में रेल दुर्घटना टली, ट्रैक पर मिले पत्थर और लोहे के टुकड़े

**होशियारपुर 29 अप्रैल (वार्ता)** पंजाब में टांडा उर्मुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण मंगलवार तड़के एक संभावित दुर्घटना टल गई, जिससे हेमकुंट एक्सप्रेस ट्रेन में सवार यात्री बाल-बाल बच गये। जालंधर के राजकीय रेलवे पुलिस के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि रात करीब 1:30 बजे, जालंधर-जम्मू रेल मार्ग पर सिग्नल हरा नहीं होने के कारण हरिद्वार से जम्मू जा रही हेमकुंट एक्सप्रेस को चंडीगढ़ कॉलोनी के पास टांडा उर्मुर स्टेशन के बाहरी इलाके में रुकना पड़ा। इस अप्रत्याशित ठहराव ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा कर दीं और संभावित व्यवधान का संकेत दिया। यह देखते हुए कि ट्रैक पॉइंट नहीं बदले गए थे, टांडा उर्मुर के स्टेशन मास्टर ने तुरंत एक पॉइंटमैन को स्थिति का निरीक्षण करने के लिए भेजा। पॉइंटमैन ने पाया कि ट्रैक पत्थरों से अवरुद्ध था, और उस पर लगभग तीन इंच लंबा लोहे का टुकड़ा भी रखा हुआ था। त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए, पॉइंट्समैन ने लगभग 10 मिनट में अवरोध को हटा दिया, जिससे हेमकुंट एक्सप्रेस केवल 15 मिनट की देरी से अपनी यात्रा फिर से शुरू कर सकी। अधिकारियों को संदेह है कि यह कोई गड़बड़ी है और उन्होंने इसे जानबूझकर व्यवधान पैदा करने का प्रयास बताया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। आरपीएफ और जीआरपी दोनों ने मकसद का पता लगाने और उपद्रवियों की पहचान करने के लिए सभी संभावित कोणों से संयुक्त जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कहा कि जांच के नतीजे के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा और निराधार : सरकार

**नयी दिल्ली 29 अप्रैल (वार्ता)** भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान को गिराये जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं



गिराया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनावपूर्ण माहौल में पाकिस्तान और उसके समर्थित सोशल मीडिया खातों पर लोगों को गुमराह करने के लिए हर रोज इस तरह के झूठे दावे किये जा रहे हैं। भारत ने इस तरह के दुष्प्रचार में लगे पाकिस्तान के 16 यू ट्यूब चैनलों पर सोमवार को प्रतिबंध भी लगाया था।

## खुब्बापुर प्रकरण में भी नहीं हुई सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 29 अप्रैल (बु.)** मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में एक युवक की हत्या के बाद भाजपा नेता वहां पहुंचे थे। इस मामले में भाजपा नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत चार को नामजद किया गया था। मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में लगातार चल रही है। मंगलवार को बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक उमेश मलिक की तरफ से हाजिरी माफी दी गयी है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 14 मई नियत की है।

# क्रिकेट मैच:'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

**बेंगलुरु, 29 अप्रैल (वार्ता)** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।



पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ति चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा,''मुझे स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान हुई मॉब लिंचिंग के बारे में बताया गया। मुझे बताया गया कि व्यक्ति 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहा था। जब लोगों ने यह सुना, तो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी।''उन्होंने कहा,''इस मामले में अब तक लगभग 10 से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और आगे की जांच चल रही है।''

## प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर त्रिपुरा का युवक गिरफ्तार

**अगरतला, 29 अप्रैल (वार्ता)** त्रिपुरा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में यहां के गोमती जिले में महारानी निवासी समीद मिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समीद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने घर में नहीं रह रहा था। उसे सोमवार को सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के तेलकाजला इलाके से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उपजे तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने समीद मिया द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मामला दर्ज कराया है। पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

# बांग्लादेशी, रोहिग्या घुसपैठियों की भी यूपी से होगी विदाई

**लखनऊ 29 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश से शत प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों के निशाने पर अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिये हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश तेज कर दी गयी है। पाकिस्तानियों के बाद रोहिंग्या और बांग्लादेशियों घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हे खदेड़ा जाएगा। इसके लिये सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों और गुप्तचर एजेंसियों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के डीएम, कप्तान और पुलिस कमिश्नर को निर्देश भेजे गए कि नाम बदल कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश तेज की जाये ताकि उन्हे उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जा सके। इस बीच भारत नेपाल सीमा पर अवैध मदरसों को ध्वस्त करने और सील करने कार्रवाई जारी रहेगी।

गौरतलब है कि पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उसपर नजर रखी जा रही है। केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिये। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हे उनके देश रवाना किया जाए। प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इस बीच नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों पर सैकड़ों अवैध निर्माण ढहाए जा चुके हैं। सीमा क्षेत्र के 10-15 किमी दायरे में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है और अवैध धार्मिक संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।बहराइच में 89 अवैध कब्जेदारों पर हुई कारवाई की गयी है वहीं श्रावस्ती में भी 17 अवैध मदरसों के अलावा 119 अवैध कब्जे मुक्त कराए गए। सिद्धार्थनगर में 11 और महाराजगंज में 19 अवैध संरचनाओं पर भी कार्रवाई हुयी। बलरामपुर में भी सरकारी भूमि पर सात अवैध कब्जे किए गए चिन्हित किये गये जिनमें दो ने स्वतः कब्जा हटाया जबकि शेष पर कार्रवाई की गयी।